दिनांक : 06.08.2025 समय : 07.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नईदिल्ली में कर्तव्य भवन को किया राष्ट्र को समर्पित।
- राज्य विधानसभा में कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा जारी, मोटरयान कराधान संशोधन विधेयक हुआ पारित।
- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव कल नरसिंहगढ़ से लाड़ली बहनों को 250 रूपये की अतिरिक्त किश्त करेंगे जारी।
- प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रमों का होगा आयोजन ।

**प्रधानमंत्री कर्तव्य भवन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-3 का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने नए भवन का निरीक्षण किया और इसकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर श्री मोदी ने भवन परिसर में एक पौधा भी लगाया।

प्रधानमंत्री इस समय यहां एक जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह इन भवनों में विकसित भारत की नीतियां बनेगी।

**विधानसभा**

विधानसभा में चल रहे मानसून सत्र के दौरान आज परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान संशोधन विधेयक 2025 पेश किया। जिसे चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। चर्चा में कांग्रेस विधायक भैरव सिंह बापू ने कहा कि प्रदेश में चलने वाली गाड़ियां दूसरे राज्यों में रजिस्टर्ड हो रही हैं। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। आज ही मध्य प्रदेश जन विश्वास संशोधन विधेयक, मध्यप्रदेश माध्यस्थम अधिकरण संशोधन विधेयक और मध्यप्रदेश समाज के कमजोर वर्गों के लिए विधिक सहायता और विधिक सलाह विधेयक पर भी चर्चा हो रही है। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद आज सदन में उत्तराखंड त्रासदी में मारे गए लोगों को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के निधन पर शोक जताया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा स्वर्गीय सतपाल मलिक के कार्य को सदैव स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में जो तबाही आई है। उसने केदारनाथ की घटना का दोबारा याद दिला दिया है। सदन में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई।

**बीईएमएल संयत्र शिवराज**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विदिशा संसदीय क्षेत्र के उमरिया में स्थापित होने जा रहा BEML का अत्याधुनिक “ब्रहमा” ग्रीनफील्ड रोलिंग स्टॉक निर्माण संयंत्र, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा। उन्होंने बताया कि यह संयंत्र वंदे भारत जैसे रेल और मेट्रो कोचों के साथ-साथ रक्षा उत्पादों के डिज़ाइन, निर्माण, असेंबली और परीक्षण की अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। इसका शिलान्यास 10 अगस्त होगा।

**शताब्दी समारोह**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे। इस सम्मेलन का आयोजन एम.एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन (MSSRF) और विश्व विज्ञान अकादमी (TWAS) द्‌वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस अवसर पर "एम.एस. स्वामीनाथन खाद्‌य एवं शांति पुरस्कार" की शुरुआत की जाएगी। प्रधानमंत्री यह पुरस्कार प्रदान करेंगे।

**उत्तराखंड - धराली आपदा**

उत्तराखंड में उत्तरकाशी ज़िले के आपदा प्रभावित धराली क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसियां युद्‌धस्तर पर राहत और बचाव कार्यों में जुटी हुई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज धराली क्षेत्र का दौरा कर पीडित लोगों से मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को घायलों का उचित इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस बीच सेना ने कहा है कि उत्तरकाशी के धराली में बादल फटने की घटना के बाद से एक जूनियर कमीशंड अधिकारी और 8 जवान अभी भी लापता हैं। सेना के अनुसार एक त्वरित और समन्वित मानवीय सहायता तथा आपदा अभियान जारी है। इस अभियान के लिए पैदल सेना और इंजीनियरिंग टीम सहित 225 से अधिक सैन्यकर्मियों को तैनात किया गया है। राहत कार्यों में वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टरों की सेवाएं ली जा रही है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने बताया कि अब तक 190 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

**लाड़ली बहना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ से लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन की सौगात देंगे। इस अवसर पर बहनों के खातों में 1250 रुपए की नियमित किस्त के साथ 250 रुपए की अतिरिक्त राशी भी जारी की जाएगी।

**हर घर तिरंगा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान एक बार फिर पूरे देश में उत्साह के साथ शुरू हो चुका है। मध्यप्रदेश में "हर घर अभियान 2 से 15 अगस्त तक जोर-शोर से मनाया जा रहा है। प्रदेश भर में इस अभियान के तहत नागरिकों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की गई है। इस उत्सव को खास बनाने के लिए "सेल्फी विद तिरंगा" अभियान भी शुरू किया गया है, जिसमें लोग तिरंगे के साथ अपनी तस्वीर लेकर https://harghartiranga.com वेबसाइट पर अपलोड कर सकते हैं। यह पहल देशभक्ति के साथ स्वच्छता को जोड़कर नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

**स्वतंत्रता दिवस**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 15 अगस्त को होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की आज उच्चस्तरीय बैठक में समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय और व्यापक जनसंपर्क के साथ किया जाए। मुख्यमंत्री का "जनता के नाम संबोधन" प्रदेश के सभी जिलों में सजीव *प्रसारण* के माध्यम से सुनाया जाएगा। इस अवसर पर जिलेवार कार्यक्रमों में

स्थानीय योजनाओं, विकास कार्यों, जल-जीवन मिशन, कृषि, सिंचाई, उद्यमिता और जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी आम जनता को दी जाएगी।

**हथकरघा**

11वां राष्ट्रीय हथकरघा **दिवस कल** दिल्ली के भारत मंडपम में मनाया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू विशेष अतिथि होंगी। वह 2024 के लिए संत कबीर पुरस्कार तथा राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस वर्ष कुल 24 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा, जिनमें 5 संत कबीर पुरस्कार और 19 राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार शामिल हैं।

**मौसम**

प्रदेश में अगले 4 दिन तक मौसम साफ रहेगा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा संभाग में औसत से 48 प्रतिशत और भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में 39 प्रतिशत बारिश अधिक हुई है।
प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में 28.7 इंच बारिश हो चुकी है। अब तक 44 प्रतिशत पानी ज्यादा गिर चुका है। वहीं, कोटे की 77 प्रतिशत है।

- प्रदेश को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना ने आज महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में कुपोषण की स्थिति की समीक्षा की।

- खंडवा कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि पुराने एवं जर्जर हो चुके भवनों में संचालित स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को अन्य भवनों में शिफ्ट किया जाए, ताकि किसी दुर्घटना की आशंका ना रहे।
- जबलपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों पर अब लम्पी वायरस पाया जा रहा है । जिले की पनागर तहसील में पिछले एक सप्ताह में कई मवेशी इसकी चपेट में आए हैं।

----------------